प्रारंभिक अर्हता परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर बैठक सम्पन्न

बस्ती। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। दोनों अधिकारियों ने परीक्षा ड्यूटी में लगें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करने को कहा।बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीईटी-2026 की लिखित परीक्षा जनपद में 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से

शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 34 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं प्रभावी निगरानी के लिए 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 34 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा में पालीवार लगभग 13 हजार अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगें।जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। अभ्यर्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, क्लाक रूम तथा अन्य जरूरी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी नामित अधिकारी अपने निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी बनाए रखें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देषित किया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर डाक्टरों की तैनाती की जाय।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा संबंधित पुलिस अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगें।दोनों अधिकारियों ने निर्देशित किया कि परीक्षा के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता, सीआरओ कीर्ति प्रकाष भारती, अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कान्त, सीएमओ डा. राजीव निगम, मुख्य कोषाधिकारी अषोक कुमार प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, आबकारी अधिकारी राजेष कुमार, सीवीओ डा. ए.के. गुप्ता, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अषोक म्द्धेषिया, अधीनस्थ चयन आयोग के मयंक श्याही सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए किया रवाना

बस्ती। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की देखरेख में रवानगी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे मतदान प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराएं। सभी कार्मिक निर्धारित समय पर अपने मतदेय स्थल पर पहुंचकर मतदान से संबंधित आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए मतदान की निष्पक्षता, पारदर्शिता

और गोपनीयता बनाए रखी जाए। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को रवाना होने से पहले मतदान सामग्री एवं आवश्यक अभिलेखों की भली-भांति जांच करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक सम्पन्न

हर्रैया(बस्ती)। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के दृष्टिगत विधानसभा हर्रैया में भाजपा की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह मौजूद रहे। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षको से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए तेजी से संपर्क करें। कहा कि शिक्षकों को इस बात का भरोसा दिलाना होगा कि भाजपा ही उनकी सच्ची हितैषी है। इससे पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव सामान्य चुनावों से अलग है क्योंकि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता हैं। उनसे आत्मीय संवाद स्थापित कर राष्ट्रहित में भाजपा प्रत्याशी श्री ध्रुव त्रिपाठी के पक्ष में मतदान की अपील करनी चाहिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि यदि कोई शिक्षक मतदाता संपर्क से छूट गया है तो उससे आज ही संपर्क सुनिश्चित करें। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शिक्षक मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी श्री ध्रुव त्रिपाठी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री गोरखपुर क्षेत्र वैभव पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, राम सिंगार ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर ध्रुव नारायण सिंह, प्रान्तीय परिषद सदस्य वीरेंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह भारद्वाज, जिला मंत्री राजेश त्रिपाठी, मंडल प्रभारी हर्रैया सतेन्द्र सिंह (भोलू), राम बृक्ष निषाद, मंडल महामंत्री शक्तिदीप पाठक, मंडल उपाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय, वेद प्रकाश त्रिपाठी, महेश तिवारी, मंडल मीडिया प्रभारी राकेश पाठक सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहकारी समिति कर्मचारी आज करेंगे कार्य बहिष्कार

बस्ती। सहकारी समिति कर्मचारियों की लंबित वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उत्तर प्रदेश संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने 22 अक्टूबर यानी कि मंगलवार से कार्य बहिष्कार कर लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संघ ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को पत्र सौंप कर मांगों के समाधान के लिए प्रभावी पहल करने का अनुरोध किया है।संघ के अनुसार, कैडर सचिवों, प्रभारी व नान कैडर सचिवों, आंकिकों, लिपिकों, विक्रेताओं, सहयोगियों और चैकीदारों की वेतन संबंधी समस्याओं को लेकर प्रदेश नेतृत्व ने सात सितंबर को मांगपत्र दिया था। कई बैठकों और आश्वासनों के बावजूद

समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय और महामंत्री राम सरन चैधरी ने बताया कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो जिले की समितियों पर उर्वरक प्रेषण सहित सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।

आवासीय कॉलोनियों में दुकान खोलने की अनुमति देने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बस्ती। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों, व्यापारियों ने जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आवासीय कॉलोनियों में दुकान खोलने की अनुमति देने, विकसित बाजारों को नियमित करने और ध्वस्तीकरण से प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष और बस्ती मण्डल अध्यक्ष हरिमूर्ति सिंह 'मनोज' ने बताया कि विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद की कॉलोनियों में पर्याप्त बाजारों की व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यापारियों ने अपने स्तर पर बाजार विकसित किए। अब आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों और कथित अवैध निर्माण के नाम पर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी होने से व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया ने कहा कि आवासीय भवनों में दुकान खोलने की अनुमति देने के लिए कानून बनाया जाना चाहिए। व्यापारी बिजली बिल, हाउस टैक्स, जीएसटी और आयकर के माध्यम से सरकार को राजस्व देते हैं, इसके बावजूद उनके हितों की अनदेखी की जा रही है।जिला महामंत्री आलोक दुबे एवं युवा जिला

अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि ज्ञापन में विकसित बाजारों एवं कॉलोनियों को नियमित करने, ध्वस्तीकरण से प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास तथा अवैध निर्माण के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर दोषियों को दंडित करने के लिए कानून बनाने की मांग की गई है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से इस मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संगठन महामंत्री भरत राम अग्रहरी 'बबलू', जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप, नगर महामंत्री धीरेंद्र चैधरी, नगर संगठन महामंत्री डॉ. प्रदीप सिंह, युवा महामंत्री सत्य प्रकाश दुबे, जिला संगठन मंत्री संजय गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना वर्मा, जिला महामंत्री गीता देवी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश्वरी शर्मा, रावेश श्रीवास्तव, सुजीत कुमार गुप्ता, आकाश सोनी, रजनीश कुमार और त्रिलोकी नाथ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

सड़क पर भटक रहे अर्ध विक्षिप्त को नया स्वरूप देकर सामाजिक संस्था ने भेजवाया घर

हर्रैया(बस्ती)। सेवा और संवेदना की मिसाल पेश करते हुए सेवा समर्पण भाव परिवार और पुलिस ने आठ महीने से घर से दूर भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। घर के सबसे बड़े बेटे के वापस मिलने से पिता के चेहरे पर खुशी लौट आई।परिजनों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए संस्था की टीम और पुलिस का आभार जताया।

जानकारी के अनुसार, बिहार प्रदेश के ग्राम बड़ौरा थाना रामगढ़ जिला कैमूर निवासी 35 वर्षीय संतोष राम पुत्र बब्बनराम करीब आठ महीने पहले घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह लगातार भटक रहे थे। बीते 19 अक्टूबर 2026 को वह बस्ती जिले के हर्रैया थाना क्षेत्र के बिजरा गाँव के पास में सड़क पर भटकते हुए सेवा समर्पण भाव परिवार के सेवादार अजय प्रताप मिश्रा को मिले। युवक की हालत काफी दयनीय थी हाइवे के बीच बने डिवाइडर पर कम्मल ओढ़ कर सो रहे थे और बाल काफी बढ़े हुए थे। गंदगी के कारण उनकी स्थिति बेहद खराब थी। इसकी जानकारी मिलने पर संस्था के मुखिया दिलीप

पाण्डेय के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए युवक के बाल कटवाए, उन्हें नहलाया-धुलाया और नए कपड़े पहनाकर साफ-सुथरा स्वरूप दिया। युवक की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण शुरुआत में उनके घर और परिजनों के बारे में जानकारी जुटाना मुश्किल था। संस्था की टीम ने करीब दो घंटे तक लगातार प्रयास किया जिसके बाद युवक के गांव का नाम और पता मालूम हो सका। इसके बाद परिजनों का संपर्क नंबर खोजकर उनसे बात की गई और युवक के मिलने की सूचना दी गई। हर्रैया थाना प्रभारी संजय कुमार के सहयोग से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रैया में भर्ती कराया गया जहां उनकी देखभाल की व्यवस्था की गई। मंगलवार 20 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे संतोष राम के परिजन हर्रैया थाने पहुंचे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवक को सकुशल उनके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। छह महीने से बिछड़े परिवार को सामने देखकर परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। परिजनों ने सेवा समर्पण भाव परिवार की टीम और हर्रैया पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ- विषय पर बैठक आयोजित

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी, जिला बस्ती की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक भाजपा कार्यालय, बस्ती में लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ- विषय पर आयोजित की गई।मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय महामंत्री सत्येंद्र सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने की। मुख्य अतिथि हरीश द्विवेदी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता से सीधा संवाद, पारदर्शिता और जनता की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भीड़तंत्र के विरुद्ध जन-जागरण करने तथा हर बूथ तक पहुँचकर जनता की समस्याओं को समझने और उनके समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों, जनता की आवाज़ और जन-कल्याण की राजनीति को ही अपनी प्राथमिकता मानती है।

कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे जनता के बीच पार्टी की नीतियों, कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करेंगे तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाएंगे। अंत में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ष्लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओष् के संकल्प को धरातल पर उतारने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगा।

विपक्षी दलों द्वारा भारत की जनता को जो भ्रमित किया जा रहा है, उसके विरोध में जन-जागरण के लिए भाजपा बस्ती के द्वारा ऐतिहासिक 5 नवंबर को मार्च निकाला जाएगा।प्रमुख रूप से संजय चैधरी, राजेश पाल चैधरी, वैभव पांडे, यशकांत सिंह, राम सिंगर ओझा, प्रत्युष विक्रम सिंह, डॉ. रघुवर पांडे, भानु प्रकाश मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र गौतम, दिलीप पाण्डेय, शिवानी सिंह, शालिनी मिश्रा, अमृत कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, प्रेम प्रकाश चैधरी, सुनील सिंह, सुरेंद्र चैधरी, राकेश शर्मा, राजेन्द्र राजभर, प्रदीप निषाद, सुधाकर पाण्डेय श्नीरजश्, विनय सिंह भारद्वाज, नीलम गौड़, राधेश्याम कमलापुरी, रवि कुमार, विनय यादव, वरूण पांडे, प्रभुदयाल वर्मा, अमित गुप्ता, नीरज त्रिपाठी, मंजू श्रीवास्तव, राजेश कमलापुरी, कमेन्द्र चैहान, शिव प्रसाद चैधरी, विजय पांडे राजू, अजय पाण्डेय, विशुद्धानंद तिवारी, सुरेंद्र सिंह, जटा शंकर शुक्ल, सुमन सिंह, प्रबल मलानी, योगेंद्र सिंह, तारक जायसवाल, सतेंद्र सिंह भोलू, पुष्करादित्य सिंह, अरविंद सिंह, रामायण सिंह, राकेश श्रीवास्तव, गौरव तिवारी, राजकुमार शुक्ल,आदित्य शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, दुकान के सामान जले

बभनान बस्ती।पैकोलिया थाना क्षेत्र के तेंदुआ बाजार में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग ने दो दूकान का सामान जल गया। जिससे दूकान की रोजी चली गई,फियर बिग्रेड सहित पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन तब तक पूरा जल चुका था। थोड़ी देर बाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची । विकास सिंह पुत्र रामविलास सिंह निवासी सिंगही का तेनुआ बाजार में मोटर पार्ट्स की दूकान करीब डेढ़ वर्ष से चलाते हैं रोज की भांति दुकान बंद कर देर शाम घर चले गए। मकान मालिक के जरिए इनको रात करीब दो बजे सूचना मिली कि दूकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई है धू-धू कर जलने लगा और लाखों रुपए की क्षति पहुंची है। वहीं करनपुर निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र मोहम्मद शमीम करीब 5 वर्ष से ही तेनुआ बाजार में मेडिकल स्टोर की दूकान चलाते हैं उसी चपेट में आने की वजह से ही इनकी दूकान में आग लगी और कुछ ही देर में जल कर राख हो गई। इसी दरम्यान किसी ने फायर-बिग्रेड पुलिस को सूचना दी और डायल 112 पुलिस को भी सूचना दी गई। इस बीच आसपास के कुछ लोग मौके पर आग बुझाने का भरसक प्रयास करते रहे दमकल गाड़ी कुछ देर बाद पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया।

प्रशासन के आश्वासन पर 28 तक टाल दिया सरयू में जल समाधि का निर्णय

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के वैश्नोपुर निवासी लगभग 71 वर्षीय जोखन और उनकी पत्नी सावित्री ने समस्याओं के समाधान हेतु 22 अक्टूबर को सरयू में जल समाधि की चेतावनी दिया था। जोखन को पुलिस और विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बस्ती में देवी प्रतिमा विसर्जन के बाद उनकी समस्या का समाधान करा दिया जायेगा।

इस आश्वासन पर जोखन ने 28 अक्टूबर तक जल समाधि का अपना निर्णय टाल दिया है।ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को कलवारी थाना क्षेत्र के वैश्नोपुर निवासी जोखन ने पत्र भेजकर कहा है कि यदि उनके मकान के सामने से कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नकटीदेई निवासी ओम प्रकाश द्वारा जबरिया रखा गया टीन टप्पर न हटवाया गया तो वे पत्नी समेत सरयू नदी में जल समाधि ले लेंगे। जोखन ने बताया कि पहले उन्होने 20 अक्टूबर को सरयू में जल समाधि लेने की चेतावनी दिया था किन्तु कानूनगो ने आश्वासन दिया है कि 21 अक्टूबर तक उनकी समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। इसे देखते हुये उन्होने पत्नी समेत जल समाधि का निर्णय दो दिन के लिये टाल दिया है। इसके बाद अब जोखन ने प्रशासन को 28 अक्टूबर तक का मौका दिया है।

कलवारी थाना क्षेत्र के वैश्नोपुर निवासी जोखन ने उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में कहा है कि वे पत्नी के साथ पिछले 7 वर्षो से निरन्तर अपने अधिकार के लिये संघर्ष कर रहे हैं, दो बार पहले भी जल समाधि की चेतावनी दे चुके हैं, अधिकारियों के आश्वासन पर वे निर्णय टालते रहे किन्तु समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। जोखन ने चेतावनी दिया है कि यदि इस बार भी प्रशासन खरा न उतरा तो वे बाध्य होकर सरयू नदी में जल समाधि ले लेंगे।

यूपीसीए अंडर-14 जोनल ट्रायल के लिए बस्ती के अथर्व और यश चयनित

बस्ती। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर-14 जोनल क्रिकेट ट्रायल के लिए बस्ती के दो खिलाड़ियों अथर्व ओझा और यश गुप्ता का चयन हुआ है। सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण लेने वाले दोनों खिलाड़ी 22 अक्टूबर यानी कि मंगलवार को प्रयागराज के गवर्नमेंट प्रेस क्लब क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित ट्रायल में हिस्सा लेंगे।दोनों खिलाड़ियों का चयन गोरखपुर में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। जोनल ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन कर दोनों खिलाड़ियों के पास अगले स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत करने का अवसर होगा। सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर (कोचिंग) अनिकेत उपाध्याय ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने मंडल क्रिकेट एसोसिएशन, गोरखपुर के अध्यक्ष मोहम्मद शफीक सिद्दीकी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने में क्रिकेट संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अथर्व और यश के चयन से एकेडमी में उत्साह का माहौल है।

मतदेय स्थलों को लेकरसुझाव, आपत्ति करायें दर्ज

बस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद बस्ती के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का संभाजन करके जनपद में समाविष्ट 307-हर्रैया, 308-कप्तानगंज, 309-रुधौली, 310-बस्ती सदर तथा 311-महादेवा (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की सूची तैयर कर ली गई है उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सूची का आलेख्य प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को कर दिया गया है। प्रस्तावित सूची प्रकाशित कर दी गई है। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन ने बताया कि मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची निःशुल्क संबंधित तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय बस्ती उपलब्ध रहेगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रकाशित सूची के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, राजनीतिक दल अथवा संबंधित पक्ष को कोई आपत्ति या सुझाव देना हो, तो वह संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में 25 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तुत कर सकता है।

अनुदान पर बीज उपलब्ध

बस्तीं। मिशन फॉर आत्म निर्भरता इन पल्सेस योजनार्न्गतं रबी 2026 में दलहन फसलों को बढावा देने हेतु चना पर 08 वर्ष से कम की प्रजाति पर 75 प्रतिशत, 10 वर्ष से कम अवधि पर 50 प्रतिशत तथा मटर पर 08 वर्ष से कम अवधि पर 75 प्रतिशत, 10 वर्ष से कम अवधि की प्रजाति पर 50 प्रतिशत एवं मंसूर के बीजों पर 08 वर्ष से कम अवधि पर 100 प्रतिशत, 10 वर्ष से कम अवधि पर 75 प्रतिशत के अनुदान पर बीज राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध हैं।

कलाकारों ने निकाली झांकी

विक्रमजोत, हर्रैया (बस्ती)। त्रिशक्ति माँ वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण

विक्रमजोत में नवरात्रि एवं दशहरा के पावन अवसर पर त्रिशक्ति माँ वैष्णो कमेटी द्वारा भव्य झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत अशोक कुमार कसौधन ने किया। इस अवसर पर शंभू कसौधन, सचिन कसौधन, माता प्रसाद कसौधन, मनोज कुमार कसौधन पिंटू, शिव कुमार गुप्ता सोनू, पंकज साहू, ब्रजेश कश्यप, मोहन सिंह, श्याम जायसवाल, मुन्ना कसौधन, रोहित जायसवाल, जगन्नाथ कसौधन, अरुण जायसवाल, पवन जायसवाल, अनिल कसौधन, सुरेश, दीप नारायण मिश्रा, विजय कुमार पांडे, शंकर, सुमित, नागेश्वर, नीरज जायसवाल, मनीष कसौधन, भानु प्रताप सिंह, कौशिक गुप्ता, विशाल मोदनवाल सहित हजारों की संख्या में माता रानी के भक्त मौजूद रहे।

हरीश द्विवेदी के जन्मदिन पर किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल वर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न अंबेडकर पार्कों में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। प्रभु दयाल वर्मा ने खीरि घाट समेत अन्य अंबेडकर पार्कों में पौधे लगाए और हरीश द्विवेदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। प्रभु दयाल वर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह जनसेवा के कार्य करते रहें और स्वस्थ रहते हुए दीर्घायु हों। कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विशेष अवसरों पर पौधारोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं।इस अवसर पर अंबेडकर पार्कों में पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4844/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के 'ए' श्रेणी मे मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेडिरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

2.

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया के हेतिमपुर महुआडीह मार्ग (अ0जि0मा0) के चैनेज 0.000 से 14.200 तक के भाग का 2 लेन विद् पेव्ड शोल्डर का कार्य।	2900.00	43.50	(निविदा मूल्य 300.00 स्टेशनरी चार्जेज 2000.00 +जी.एस.टी ऑनलाईन भुगतान) कुल रू0 2714.00 मात्र	12 माह	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त लो0नि0वि0, देवरिया	मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 258838/दिनांक 21-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in